हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 17 मई 2025




## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**इच्छुक छात्र आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

Advt.


# एमएमसी के सीतागांव और केसीजी के झूरानदी में लगी सीएम की चौपाल, नांदगांव में हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार के तहत शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अविभाजित राजनांदगांव जिले के दौरे पर रहे। दोपहर को पहले वे मोहला-मानपुर जिले के सीतागांव पहुंचे, जहां सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। इसके बाद वे खैरागढ़ जिले के झूरानदी गांव गए। यहां भी उन्होंने सुशासन तिहार के तहत लोगों से संवाद कर सरकारी कामों के बारे में चर्चा की। इस दौरान किसानों ने खाद संकट की स्थिति से सीएम को अवगत कराया। इन दोनों ही जिलों में सीएम ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की भी घोषणा की है।

सुशासन तिहार के समाधान शिविर में शामिल होने के बाद देर शाम सीएम विष्णुदेव साय राजनांदगांव जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने तीनों जिलों के कलेक्टर-एसपी सहित अन्य आला अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान सीएम साय ने कुछ कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देने के अलावा प्रदेश सरकार के साथ ही केंद्र की योजनाओं के भी बेहतर क्रियान्वयन की बात उन्होंने की। इन सभी के बाद सीएम ने पत्रवार्ता के जरिये भी अपनी बातें रखी। समीक्षा बैठक में सीएम विष्णुदेव साय के साथ विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, डिप्टी सीएम एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ढाई घंटे चली अफसरों के साथ बैठक, सीएम ने देखी प्रगति रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार के तहत जिले के दौरे पर पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय ने शुक्रवार की शाम तीन जिलों के अफसरों की समीक्षा बैठक ली। 25 बिंदुओं को लेकर आयोजित की गई इस बैठक में सीएम ने सभी जिलों का विभागवार डाटा भी देखा। इस दौरान पीएम आवास, विकास कामों के साथ ही सुशासन तिहार के तहत आए आवेदन, शिकायत पर प्रशासन द्वारा किए गए कामों के बारे में जाना।

सीएम विष्णुदेव साय के साथ ही विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सीएम ने सभी जिलों में केंद्र की योजनाओं को तेजी से धरातल पर पूरा कराने के निर्देश भी दिए।






### तीन जिले शामिल

सीएम द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में राजनांदगांव जिले के कलेक्टर, एसपी के साथ ही खैरागढ़ एवं मोहला-मानपुर जिले के भी कलेक्टर और एसपी शामिल रहे। इनके अलावा तीनों जिलों के प्रमुख विभागों के प्रभारियों को भी बैठक में बुलाया गया था। बैठक में सभी से आंकड़ों को लेकर चर्चा की गई।

### निराकरण के निर्देश

सुशासन तिहार के तहत तीन जिलों में ढाई लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें लगभग मांग और शिकायतों के आवेदन का निराकरण कर लिया गया है। वहीं निराकरण के लिए शेष आवेदनों का भी जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश सीएम ने तीनों जिलों के प्रशासनिक अफसरों को दिए हैं।

**इन विषयों पर चर्चा :** समीक्षा बैठक के दौरान पीएम आवास, सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण, जिले में क्राईम की स्थिति, जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट, महतारी वंदन योजना, पेयजल संबंधित समस्याएं, राजस्व प्रकरणों के हाल एवं उनके निराकरण की स्थिति के डाटा देखा। बैठक के दौरान ही प्रसव की बेहतर रिपोर्ट को लेकर भी उन्होंने सराहा।



### आज खोभा जा सकते हैं सीएम

सुशासन तिहार के तहत मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले का दौरा सीएम विष्णुदेव साय कर चुके हैं। अब कल शनिवार को वे राजनांदगांव जिले के छुरिया ब्लॉक अंतर्गत आने वाले खोभा ग्राम में आयोजित समाधान शिविर में शामिल होने पहुंच सकते हैं। सीएम के संभावित दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी उक्त स्थल पर पूरी तैयारी कर रखी है। बताया जा रहा है कि मंदिर दर्शन के बाद सीएम सीधे जनता से संवाद करेंगे।

### खाद संकट दूर करने निर्देश

मिली जानकारी के अनुसार केसीजी जिले के झूरानदी में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर में पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय को किसानों ने खाद संकट की मौजूदा स्थिति की जानकारी दी। जिसको लेकर सीएम ने अफसरों को निर्देश दिए कि किसानों को खेती के लिए आवश्यक हर सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा सीएम ने महिलाओं, बुजुर्गों से भी सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना।

0 **राजनांदगांव।** दक्षिण पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीप और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से, अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले दो से तीन दिनों में सक्रिय होने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तरप्रदेश से उत्तर बांग्लादेश तक पूर्वी उत्तर, प्रदेश बिहार, उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 17 मई को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है।












# कार की डिक्की में ले जा रहे थे महुआ शराब 2 तस्कर हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार की डिक्की में छिपाकर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस 15 मई को ग्राम भ्रमण गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पनियाजोब रेलवे फाटक के रास्ते से होकर अंडी-ठाकुरटोला की ओर एक सफेद कलर होंडाई कार के पीछे डिक्की में छिपाकर रखे कच्ची देशी महुआ शराब 7 प्लास्टिक जरीकेन डिब्बा में 60 बल्क लीटर कीमती 12000 को परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सफेद कलर होंडाई कार को पकडकर चालक एवं उसमें बैठे व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर अपना नाम दूजलाल कुंजाम पिता तिलक कुंजाम 35 साल व टिकेश कुमार ध्रुर्वे पिता रामसिंग ध्रुर्वे 28 साल साकिनान ग्राम बरनाराकला थाना बोरतलाव का होना बताया।

### दो पर की कार्रवाई

सफेद कलर होंडाई कार को चेक करने पर पीछे डिक्की में छिपाकर रखे 7 प्लास्टिक जरिकेन में 60 बल्क लीटर कच्ची देशी महुआ शराब कीमती 12,000 रुपए मिला। आरोपियों की तलाशी लेने पर दो नग टच स्क्रीन मोबाइल व घटना में प्रयुक्त सफेद कलर होंडाई कार को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना बोरतलाव में धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।




## खबर संक्षेप

### आराध्या ने किया तलवारबाजी का प्रदर्शन



**डोंगरगढ़।** आराध्या सिंह ने राजपूती परिधान में राजपूती गौरव थीम पर तलवारबाजी का प्रदर्शन कर सुर्ख़ियों में रही। आराध्या सिंह केन्द्रीय विद्यालय की कक्षा 8 वी की छात्रा है। उन्होंने 11 मई को कोरबा मे आयोजित इंडियास आरके किड्स टैलेन्ट स्नवे की राष्ट्रीय स्पर्धा में शामिल होकर राजपूती गौरव का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया था। इन्हे कैस और क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री लखन देवांगन थे। इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल, बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, कोरबा महापौर शंभुदेवी राजपूत उपस्थित थी। आराध्या में अपनी माता शीलासिंह गहरवार, पिता शैलेन्द्रसिंह गहरवार, शहर, समाज को गौरवान्वित किया है।

### श्रद्धा से मनायी गई जयंती



**पटेवा।** ग्राम पटेवा में धनकर समाज ने अहिल्याबाई की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सत्यनारायण पूजा के साथ हुआ। इस अवसर पर अतिथि के रूप में सीएल धनकर, लक्षरविलाल वर्मा, विरेन्द्र हिरवानी, रोहित साहू, दीपक साहू, चतुरलाल साहू, चन्द्रकांत देवांगन, एलएल साहू, भुपेंद्र देवांगन उपस्थित थे। अतिथियों का धनकर समाज के लोगों ने स्वागत किया साथ ही प्रसादी वितरण किया। इस अवसर पर गणेशराम पाल, हीरा पाल, शिवरतन धनकर, रोहित धनकर, अलखराम धनकर, दुजराम धनकर, कृपाराम पाल, रोहित पाल, नितेश साहू आदि मौजूद थे।

### बारिश के पूर्व नालों की सफाई



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने विभिन्न वार्डो में बारिश से पहले बड़ी नालियों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। मानसून के पहले बड़ी नालियों की सफाई करने के कहा ताकि पानी की निकासी हो और लोगों को परेशानी न हो। नालियों से बरसाती पानी की निकासी के लिए सफाई करने, टूटी फूटी नालियों, नालों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभापति सुमित ताम्रकार, शारदा यादव, अनिश निर्मलकर, अमर करसे, विजय कोटांगले उपस्थित थे।

### निरमत कौर शहर में अव्वल



**डोंगरगढ़।** खालसा पब्लिक स्कूल की कक्षा 10 वी में निमरत कौर छाबड़ा ने 97 प्रतिशत अंक के साथ नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार अमी दुबे ने 94.8 प्रतिशत, बीएच श्रेया 94.4, रक्षा अग्रवाल 93.2, कुसुम कुमारी 93.2, सिमरत कौर छाबड़ा 93, अभिजोत सिंह 92.2, अवनी साहू 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संस्था के 18 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय में भक्ति अग्रवाल 93.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। सृष्टि सोनी 89.8, अभिराज सिंह भाटिया ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय के 29 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय में अर्पिता सिंह बैस ने 90.6 प्रतिशत, जागृति अग्रवाल ने 88.8, अकिल खान ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय के 30 छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया। विद्यालय की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरजीत सिंह अरोरा, सचिव गुरशरण सिंह तथा सदस्यों, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बच्चों को बधाई दी है।

### निकली नीर और नारी जल यात्रा




**डोंगरगांव।** हरियाली बहिनी नीर और नारी जलयात्रा का आयोजन मंगलवार को अरसीटोला, कोकपुर और माथलडबरी में किया गया। जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित इस अभियान में पद्मश्री फूलबासन यादव, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिवकुमार देवांगन, खिलेश्वरी साहू, सरपंच मधु यदु आदि शामिल हुए। इस मौके पर श्रीमती यादव ने कहा कि सभी को अभी से जल की एक एक बूंद को बचाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ ब्लाक सेमी क्रिटिकल श्रेणी में आ गए हैं। जल बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि पानी बचाने की दिशा में कठोर कदम नहीं अपनाएं गए तो आने समय में स्थिति गंभीर हो सकती है। जाग्रति यदु ने पानी बचाने के लिए सोखता गड्ढा बनाने नल की टोटी बंद करने, शिव देवांगन ने पौधरोपण की जरूरत पर प्रकाश डाला। खिलेश्वरी साहू ने कहा कि पानी बचाने भरी धूप में जल यात्रा निकली जा रही है ताकि जो कार्यक्रम में नहीं पहुंचे है वह जल के महत्व को समझे और पानी बचाने के प्रयास में अपना योगदान दें।

### तुलसी मानस प्रतिष्ठान की बैठक 20 को

**सड़क अतरिया।** श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान की प्रांतीय बैठक आगामी 20 मई को जिला कांकेर के चलाया में आयोजित किया गया। बैठक में प्रदेश, संभाग, जिला तथा तहसील स्तर के प्रबंध कार्यकारिणी को आमंत्रित किया गया है। बैठक में केसीजी जिला के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में नव निर्वाचित प्रांतीय, संभागीय, जिला एवं तहसील कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह, आजीवन सदस्यता, मानस मंजूषा पत्रिका का प्रकाशन, मीडिया एवं वेबसाइट सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख की अध्यक्षता में संपन्न होगी। यह जानकारी राजेंद्रसिंह ठाकुर एवं रोहित जंघेल ने दी।

## मुख्यमंत्री साय ने दी विकास की सौगात, कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की

# विकास के साथ खत्म होगा नक्सलवाद

### सीतागांव पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के दूरस्थ सेक्टर प्रमुख गांव सीतागांव में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, एसपी वाईपी सिंग, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह भी उपस्थित थे।

सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत आज समाधान शिविर में क्षेत्र की 08 ग्राम पंचायत सीतागांव, मदनवाडा, कारेकट्टा, हलांजुर, हुरेली, कंदाडी, कोहका, हलोरा ग्राम पंचायत को क्लस्टर के रूप में शामिल किया गया था। मुख्यमंत्री ने क्लस्टर के 08 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों से सीधा संवाद कर शासन की योजनाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि अभी पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 मनाया जा रहा है। हमारी सरकार को कार्यभार संभाले डेढ़ वर्ष हुआ है। इस दौरान हमने निरंतर जनता के बीच पहुंचकर योजनाओं का प्रभाव और लाभ का आंकलन किया है। इस सुशासन तिहार में अब तक 40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनका निराकरण अधिकारियों द्वारा दूसरे चरण में 20 दिनों तक किया गया। वर्तमान में समाधान शिविरों के तीसरे चरण का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार बिना पूर्व सूचना के किसी भी क्षेत्र में पहुंचकर चौपाल लगाकर जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रही है। यह सरकार पारदर्शिता और जनभागीदारी की भावना से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य में सरकार बनने के बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए 15 हजार विशेष मकानों की स्वीकृति दी गई है। महतारी वंदन योजना का लाभ सभी पात्र बहनों को दिया जा रहा है और जिनके नाम नहीं जुड़े हैं, उन्हें शीघ्र जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की है। जमीन रजिस्ट्री के साथ अब नामांतरण की प्रक्रिया भी स्वतः पूर्ण होगी। हक त्याग अब सिर्फ 500 रुपए में हो जाता है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिसे आगामी एक वर्ष में सभी ग्राम पंचायतों तक विस्तारित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि नया रायपुर में स्थापित आदिवासी संग्रहालय जनजातीय संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए लगातार प्रयासरत है और मार्च 2026 तक इसे पूर्ण रूप से समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



#### जवानों के साथ किया भोजन

समाधान शिविर में पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय , डिप्टी सीएम विजय शर्मा सीतागांव बेस कैंप थाना के भीतर आईटीबीपी तथा पुलिस जवानों के साथ बैठकर दोपहर का भोजन किया इस दौरान प्रदेश के मुखिया 3 घंटे तक सीतागांव में आम लोगों के बीच बिताया।



#### मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं

समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं ने सीतागांव उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उन्नत करने, मोहला में बस स्टैंड और छात्रावास का निर्माण, सीतागांव हाईस्कूल को हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन अंबागढ़ चौकी में 132 केवी सब-स्टेशन की स्थापना की घोषणा की है। **हितग्राहियों को दी गई सौगात**-इसके साथ ही सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में मुख्यमंत्री द्वारा पात्र हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर लाभान्वित किया गया। जिसमें मत्स्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को जाल का वितरण किया गया। खाद्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास अंतर्गत हितग्राहियों को खुशियों की चाबी दी गई। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हुए। साथ ही स्वच्छता दीदियों को भी सम्मानित किया गया । पेंशन योजना के हितग्राही भी लाभान्वित हुए। मुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्र के मेधावी छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

#### नक्सलियों का करेंगे सफाया

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समाधान शिविर में लोगों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार लोगों की समस्याओं के निराकरण और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। इसके लिए बकायदा एक महीने पहले से आवेदन लेकर उनका परीक्षण कर लोगों की समस्याएं दूर की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं समाधान शिविरों में पहुंचकर मैदानी स्तर पर लोगों की समस्याओं के निराकरण की पड़ताल कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि लोगों की सहुलियत के लिए जमीनों की रजिस्ट्री, नामांतरण और हक त्याग की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाए गए हैं। अब लोगों को कागज-पत्र लेकर जगह-जगह घूमने की जरूरत नहीं है। रजिस्ट्री होते ही स्वमेव नामांतरण हो जाएगा। महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सरकार ने महिलाओं और गरीबों की बड़ी चिंता की है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के प्रयासों से राज्य में उत्तर से लेकर दक्षिण तक नक्सलवाद को खत्म करने में लगातार बड़ी कामयाबी मिल रही है।

# जिले में स्थापित होगी मक्का प्रोसेसिंग यूनिट

**मोहला।** कृषि प्रधान मोहला मानपुर अंबागढ़ जिले में मक्का उत्पादन प्रमुखता से होता है, लेकिन लंबे समय से यहां के किसानों को उचित मूल्य, बाज़ार और प्रोसेसिंग की सुविधा न होने से नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इस गंभीर समस्या को समझते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने किसानों की आवाज़ को मजबूती से उठाया और उनके हित में आज उन्होंने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिले के प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से विशेष भेंट की, जिसमें उन्होंने जिले में मक्का प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की मांग को प्रमुखता से रखा।

मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने इस मांग को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि इस पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी और मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में मक्का प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना जल्द ही सुनिश्चित की जाएगी। यह यूनिट न केवल जिले के किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने में मदद करेगी, बल्कि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। साथ ही इससे कृषि उत्पादों का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण संभव हो सकेगा, जिससे किसानों की आमदनी में सीधा लाभ होगा। , जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह का यह प्रयास निश्चित ही जिले के समग्र कृषि विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### टॉपटेन में राशि शामिल



**डोंगरगांव।** अमलीडीह निवासी टोमन साहू की पुत्री राशि साहू ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप टेन में स्थान बनाया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों के साथ अंचल में खुशी की लहर है। राशि को नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पार्षद कोमल साहू, पद्मनी ठाकुर, गायत्री यादव, निर्मला मालेकर, डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो, पटवारी वीरेंद्र साहू, उपयंत्री कौशल जत्ती, वैभव जांगड़े ने अमलीडीह पहुंचकर बधाई दिया। राशि साहू ने बताया कि वह पशु चिकित्सा अधिकारी बनना चाहती है। विदित हो कि राशि के पिता टोमन साहू समाजसेवी और माता देवकी साहू शिक्षिका है।

# कलेक्टर से गिनायी समस्याएं

### किसानों को क्षतिपूर्ति देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने गुरूवार को कलेक्टर इंद्रजीत चन्द्रवाल से मुलाकात कर किसानों की समस्या से अवगत कराते हुए राहत पहुंचाने की बात कही। बीते सप्ताह आंधी, बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद हो गई। कई किसान कर्ज में डूब गए है। उन्होंने फसल का सर्वे कराकर किसानो को क्षतिपूर्ति दिलाने पत्र जिलाधीश को सौंपा है। श्री जंघेल ने बताया कि जिले के किसान केला, पपीता, सब्जी, मुंग, उडद, धान की खेती कर रहे है लेकिन ओला वृष्टि, आंधी से किसानो की फसल चौपट हो गई है। खराब मौसम ने किसानों की कमर तोड दिया है। नुकसान का सर्वे कर क्षतिपूर्ति राशि किसानों को मिलना चाहिए।



#### पेयजल की हो समुचित व्यवस्था

श्री जंघेल ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवो में अपूर्ण पानी टंकी, पारइप लाइन विस्तार को पूर्ण करवा कर ग्रामीणों को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि योजना संचालित होने के बावजूद लोग पानी के लिए भटक रहे है। उन्होंने ग्राम मुरई के जल जीवन मिशन कार्य की जांच और कार्यवाही की मांग किया है।

# शिविर में 149 ने दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सुशासन तिहार अंतर्गत निकाय क्षेत्र के वार्ड 11 से 15 से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में समाधान शिविर का आयोजन शुक्रवार को साकेतधाम परिषद में किया गया। शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों ने आवेदकों को निराकरण की जानकारी से अवगत कराया। समाधान शिविर में कुल 149 नवीन आवेदन प्राप्त हुए है जिनका निराकरण आगामी 31 मई तक किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवती महिलाओ का गोद भराई, शिशु का अन्नप्राशन तथा कुपोषित बच्चों को किट वितरित किया। नगर पंचायत ने पात्र निराश्रित पेंशनधारियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, राशनकार्ड प्रदान किया। शिविर में अंजु त्रिपाठी, सीएमओ विनम्र जेमा, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नपं उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, कृष्ण कुमार शर्मा, महेश्वर साहू, गायत्री यादव, कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन, सददाम खत्री, दुर्गेश रामटेके, मनबोधी पटेल, पद्मिनी ठाकुर, डीकेश साहू, किशोर बोहरा, सिदिदक बडगुजर सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रिज्म कॉलेज भिलाई के साथ हुआ एमओयू



- शिक्षा और प्रशिक्षण को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई और प्रिज्म कॉलेज, भिलाई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करेंगे, जिसमें फैकल्टी और छात्र विनिमय कार्यक्रम, कार्यशाला, सेमीनार और विभिन्न प्रशिक्षण शामिल है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जिससे उनके कौशल का विकास हो सके और वह नवीनतम ज्ञान से अवगत हो सकें। समझौते पर हस्ताक्षर प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे और प्रिज्म कॉलेज भिलाई की डायरेक्टर ख्याति साहू की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक भागवत राम, प्रिज्म कॉलेज की समन्वयक दुर्गा त्रिपाठी, प्राध्यापक डॉ एनएस वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौश्यार्य, टोपलाल वर्मा, श्री गावस्कर, श्री कौशिक आदि उपस्थित थे। इस साझेदारी को लेकर दोनों संस्थानों के प्रमुखों ने उत्साह व्यक्त किया। डॉ. कुर्रे ने कहा कि यह समझौता छात्रों और शिक्षकों के लिए नए रास्ते खोलेगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद करेगा। श्रीमती साहू ने इस सहयोग को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी दोनों संस्थानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

### नेहरू कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

# विद्यार्थियों को रोजगार पर दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ आरआर कोचे के नेतृत्व में कैरियर गाइडेंस सेल के तत्वावधान में प्रिज्म ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट भिलाई के सहयोग से कैरियर वर्कशाप एंड एप्टीट्यूड टेस्ट के माध्यम से रोजगार मार्गदर्शन दिया गया।

इंस्टीटयूट अध्यक्ष राजेश गुप्ता, टेक्निकल एण्ड प्लेसमेंट डिपार्टमेंट के स्वप्निल जना, मुनेश्वर साहू, डॉ. गांगुली कार्यक्रम में शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. रेवती ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं के हित में रोजगार मार्गदर्शन सार्थक प्रयास है इससे अधिक अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे। प्रिज्म ग्रुप इंडस्ट्री भिलाई ने बैंकिंग, आटोमोबाइल एवं संस्थानों में रोजगार प्रदान करने तीन चरणों में रोजगार मार्गदर्शन दिया। प्रथम चरण में करियर वर्कशॉप एंड एप्टीट्यूड टेस्ट, द्वितीय चरण में मॉक टेस्ट तथा तृतीय चरण में माक टेस्ट, साक्षात्कार के बारे में बताया गया।




टेस्ट में लगभग 18 छात्र छात्राएं शामिल हुए। प्रथम स्थान पूजा सोनी, द्वितीय झामेश्वर प्रसाद एवं तृतीय स्थान भुनेश्वर कंडरा ने प्राप्त किया।

उक्त मौके पर प्रिज्म ग्रुप आफ इंस्टिट्यूशन भिलाई एवं नेहरू महाविद्यालय के बीच एमओयू हुआ। एमओयू होने से छात्र-छात्राओं को रोजगार मार्गदर्शन प्राप्त होगा। संचालन प्रभात बैस एवं आभार प्रदर्शन डॉ कोच ने किया।

### जिपं अध्यक्ष के आवेदन पर पुल निर्माण के लिए 5 करोड़ की स्वीकृति

# झूरानदी पहुंचे मुख्यमंत्री साय चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखड़ान से लगभग 4 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत झूरानदी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जन चौपाल लगी। जहां पर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सहजता और सरलता से झुरानदी गांव के ग्रामीण अभिभूत हो उठे। तपती दोपहरी में मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर अचानक छुईखदान विकास खण्ड के ग्राम गहरा सिद्ध बाबा जलाशय/झुरानदी में उतरा। बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों को हर्ष मिश्रित आश्चर्य हुआ। मुख्यमंत्री ने गांव के बरगद पेड़ की छांव में चौपाल लगाई और बेहद आत्मीय अंदाज में ग्रामीणों से संवाद किया। देखते ही देखते पूरा गांव उमड़ पड़ा और माहौल उत्सव जैसा बन गया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से बातचीत की शुरुआत करते हुए कहा कि मैंने बस्तर, सरगुजा के अनेक जिले में और जांजगीर, चांपा, कबीरधाम, बेमेतरा जैसे जिलों के सुदूर गांवों तक जाकर जनचौपाल की है। उन्होंने कहा कि आज मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले से होकर आपके इस गांव झुरानदी में सीधे पहुंचा हूं। हमारी सरकार गांव, गरीब और किसान की सरकार है। हम हर घर तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की मांगों और समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए तथा योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर झुरानदी गांव में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने ग्राम में सीसी सड़क निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, दो उच्च स्तरीय पुल निर्माण-गंडई से कृतबाधा पहुंच मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 2 करोड़ 54 लाख रूपए और गंडई कर्रानाला पहुंचमार्ग पर लिमो में उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 2 करोड 52 लाख रूपए और ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत भोरमपुर में नए पंचायत भवन निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने गांव के बीच बाजार पड़ाव में बरगद पेड़ की छांव में जनचौपाल लगाई और वहां उपस्थित ग्रामीणों से छत्तीसगढ़ी भाषा में ही संवाद की शुरुआत की, जिससे ग्रामीणों के साथ भावनात्मक जुड़ाव और गहराता गया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर सुशासन तिहार के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस अभियान में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि सभी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गांव के बाजार पड़ाव स्थित पवनपुत्र हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अनिल अग्रवाल श्रीमति पुष्पा वर्मा, राजू जंघेल, प्रकाश जंघेल, दूजे राम साहू, खेलन जंघेल अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### झुरानदी गांव में 180 पीएम आवास पूर्ण

खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झुरानदी की जनसंख्या 1935 है। ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुल 217 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 180 पूर्ण हो चुके हैं तथा 37 निर्माणाधीन हैं। महतारी वंदन योजना से 616 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों को मनरेगा के अंतर्गत रोजगार मिल रहा है। गांव में 17 स्वसहायता समूह की महिलाएं आजीविका गतिविधियों से जुड़ी है।

#### पुल निर्माण हेतु पांच करोड़ की स्वीकृति

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार के द्वारा दिए गए आवेदन तत्काल पांच करोड़ की स्वीकृति प्रदान की जिसमें कृतबांश में पुल निर्माण के लिए 2 करोड़ 54 लाख रुपए की और दुल्लापुर में पुल निर्माण हेतु 2 करोड़ 52 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुए। जिसे लेकर क्षेत्रवासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# निस्तारी तालाब को पाटने की शिकायत लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

निस्तारी तालाब पाटने की शिकायत को लेकर सिंगारपुर व गोपालपुर के सैकड़ों किसान तहसील कार्यालय पहुंचे। सिंगारपुर की सरपंच उर्मिला वर्मा, पूर्व सरपंच कमलेश्वर सिंह, प्रतिनिधि राजेंद्र वर्मा,हेमंत सिंह सहित अन्य ने बताया कि सिंगारपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 136 तालाब है व खसरा नंबर 135 तालाब का पार है। तालाब ग्रामवासियों के निस्तार का स्थान है। ग्राम के मवेशी भी पेयजल के लिए तालाब पर ही आश्रित हैं, लेकिन बीते कुछ दिनों से तालाब के मालिक किशोर बैद पिता भंवरलाल लगातार तालाब को पटवाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि अधिकार अभिलेख व निस्तार पत्रक सहित अन्य अभिलेखों में तालाब का उपयोग परम्परागत रूप से वर्षों से आम निस्तार के रूप में होता रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों को बहला फुसलाकर और पैसों का लालच देकर तहसील कोर्ट में सहमति प्रस्तुत कराया गया है, जो पूरी तरह से भ्रामक है। ज्ञापन सौंपने वालों में फुलेश्वर, बंशी, श्रवण कुमार, रूपेंद्र सेन, कुबेर, श्रीराम, तोरन, मंगलू सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी मौजूद रहे।

#### करना चाहते हैं व्यवसायिक उपयोग

ग्रामवासियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि तालाब मुख्य मार्ग के पास स्थित है और बिना पंचायत की किसी अनापत्ति के व्यवसायिक उपयोग की मंशा के साथ तालाब को पाटने का काम किया जा रहा है। जबकि तालाब में आमजन अभी निस्तारी का कार्य करते हैं। साथ ही मवेशियों के लिए भी तालाब एक आसरा है।

#### स्थगन जारी रखने की मांग

ग्रामीणों ने तहसीलदार से मांग की कि लोकहित व ग्राम में शांति कायम रखने के लिए 10 मई को स्थगन आदेश जारी किया गया है। जिसे यथावत रखा जाए। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत ठेलकाडीह थाना सहित अन्य जगहों पर भी की है।

#### रहा है ऐतिहासिक महत्व

सिंगारपुर का उक्त तालाब ऐतिहासिक महत्व का रहा है और राजा कमल नारायण सिंह के ससुर सूबेदार प्रकाश सिंह के वंशजों की पैतृक सम्पति रही है, जो बेच दी गई। तालाब गोपालपुर के अष्टभुजि श्री गणेश मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित है। तालाब में रियासत काल में सिंघाड़ा व कमल फूल की खेती होती थी। सरपंच सहित ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह से भी मुलाक़ात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया और बताया कि तालाब को पाटने से निस्तारी पर तो असर पड़ेगा साथ ही ग्राम का पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ेगा।

#### नहीं किया जा सकता मूल स्वरूप से खिलवाड़

मामले में विधि विशेषज्ञ व अधिवक्ता राजीव चंद्राकर ने बताया कि इस तरह के मामलों में सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट की स्पष्ट गाइड लाइन है कि किसी भी सूरत में तालाब के मूल स्वरुप से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। फिर चाहे वह तालाब निजी ही क्यों न हो। क्योंकि वह सालों से आम निस्तार की जगह रही है। यदि तालाब वाजिब-उल-अर्ज में दर्ज है तो पाटा नहीं जा सकता।

# शिविर से शिक्षा, आबकारी विभाग गायब



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ आवेदकों को निराशा का करना पड़ा सामना

सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन वार्ड 5 स्थित मंगल भवन में आयोजित किया गया। शिविर में शिक्षा और आबकारी विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। दोनों विभाग ने स्टाल ही नही लगाया जिससे आवेदकों को निराशा का सामना करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के तहत 8 से 11 अप्रैल तक शिविर लगाकर नागरिकों से आवेदन लिए गए थे। द्वितीय चरण में संबंधित विभागों ने आवेदनों का समाधान किया। तीसरे चरण में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को वार्ड 5 में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए और आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई।

#### गणमान्य लोगों ने की शिरकत

समाधान शिविर में सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल, पार्षद अशोक पटेल, राकेश निषाद, सुमन पाटले, प्रकाश पटेल, विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र जायसवाल, दिनेश भट्ट, विक्की अग्रवाल सहित अन्य शामिल हुए। इस दौरान गर्भवती माता एश्वर्या महार, दिव्यानी रजक, गौरी साहू, हेमलता सेन, मधुरा पटेल, प्रियंका निषाद और गौरी महेश्वरी की गोद भराई हुई। सात माह के दलपत मेरावी का अन्नप्राशन किया गया। शिविर में किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता किट वितरित किया गया।

#### कार्ड वितरण एवं स्वास्थ्य जांच

शिविर में श्रम पंजीयन के 3, आयुष्मान कार्ड के 10, नवीन आयुष्मान कार्ड के 17 और 40 लोगों की रक्त जांच की गई। ओपीडी में 45 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 41 हितग्राहियों को राशन कार्ड दिया गया। शिविर में उपस्थित विभाग प्रमुखों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी। शिविर में मांग एवं शिकायत के 46 नए आवेदन प्राप्त हुए। जिला नोडल अधिकारी डीपी तिवारी, जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम खैरागढ़ और सीएमओ अविनाश देवांगन के मार्गदर्शन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

# मुड़ीपार सोसाइटी में किसान फिर हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुड़ीपार सेवा सहकारी समिति में भ्रष्टाचार की परतें एक बार फिर उजागर हो रही हैं। किसानों का आरोप है कि पहले केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) की राशि जमा नहीं हुई और अब शेयर के नाम पर फिर एक नया घोटाला सामने आया है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि बैंक और सोसायटी के कुछ जिम्मेदारों की मिलीभगत से किसानों के साथ योजनाबद्ध धोखाधड़ी की जा रही है।

लगभग 23 गांवों के किसान मुड़ीपार सुसायटी से लेन-देन करते हैं। इस बार करीब 75 प्रतिशत किसानों के साथ आर्थिक धोखा हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पहले वर्ष हुए 1 करोड़ 16 लाख रुपए के घोटाले की भी अब तक कोई जांच नहीं हुई है। जिसमें अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है।

बेरुखी और भ्रष्टाचार का खामियाजा सीधे किसानों को भुगतना पड़ रहा है। उन्हें न तो समय पर किसान क्रेडिट कार्ड के तहत लोन मिल पा रहा है, न ही खेती के जरूरी संसाधन जुटाने में मदद। किसान लोन पर आधारित खेती करते हैं, लेकिन जब पैसा समय पर नहीं मिलता, तो फसल और भविष्य दोनों खतरे में पड़ जाते हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि कई लोग 1 लाख से ज्यादा राशि जमा कर चुके हैं, फिर भी उन्हें और पैसा जमा करने को मजबूर किया जा रहा है।

पूर्व सहकारिता सभापति विप्लव साहू ने कहा कि संबंधित घोटाले की जांच और जवाबदेही तय नही की गई है। तत्कालीन कमेटी के साथ बैंक अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे। किसानों के ऋण पुस्तिका और लेजर में मिलान नहीं है। पूर्व में शेयर नहीं पटाया तो तो किस आधार पर पिछले वर्ष उन्हें कर्ज दिया गया, जांच का विषय है। समिति के अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा ने भी माना कि पूर्व में हुए करोड़ों के गबन की जांच आज तक लंबित है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शेयरों को लेकर जो गड़बड़ियां हो रही हैं, वे किसानों को लोन मिलने से रोक रही हैं। इसके तुरंत और व्यापक जांच होनी चाहिए। सैकंडों किसानों के साथ पूर्व अध्यक्ष भीखम सिन्हा, अनुपम दास वैष्णव, रामकुमार सिन्हा, भागवत साहू, नीलचंद सोनवानी, पुरसोत्तम सिन्हा, घनश्याम लोधी, सारद राम जंघेल, नरेन्द्र छेदइया, महेश वर्मा, नकुल सुखराम, गिरधारी सिन्हा, रवि कुमार धुर्वे, शिव कुमार वर्मा, बिसाहुवा कोसरे, नकुल साहू, छबिलाल पटेल, कौसलिया साहू और अन्य शामिल थे।

#### कौसलिया का छलका दर्द

मुड़ीपार सोसायटी के प्रांगण में जब किसान कौसलिया साहू बोलने खड़ी हुई, तो उनकी आंखों में आंसुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कांपती आवाज़ और रुंधा गला लिए उन्होंने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा हमने तो भरोसे में आकर अपनी खून-पसीने की कमाई दे दी। एक लाख रुपये पहले ही जमा कर दिए, फिर भी बार-बार और रकम मांगी जा रही है। अब तो खेत की जोताई तक नहीं कर पा रहे। बताइए, क्या किसान होना ही अब अभिशाप बन गया है?

#### सोसायटी भगवान भरोसे

मुड़ीपार सेवा सहकारी समिति में व्यवस्थाएं बुरी तरह चरमरा चुकी हैं। किसानों का कहना है कि यह समिति अब 'भगवान भरोसे' चल रही है। न तो जिम्मेदार अधिकारी सुध ले रहे हैं, न ही ग्रामीणों की कोई सुनवाई हो रही है।

#### साफ शब्दों में चेतावनी

कुल मिलाकर, अब किसान आक्रोशित हैं। लूट, भ्रष्ट्राचार और प्रशासन की चुप्पी के खिलाफ किसान आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। सभी किसानों ने एक स्वर में कहा कि समस्या का तुरंत निदान होना चाहिए वरना धरना प्रदर्शन अनशन होगा।

# बेटी जन्मोत्सव पर पुरवाही की गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा के सदस्य जसवंत सिन्हा के निज निवास गर्रापार में बेटी जन्म की खुशी में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन के पहले सत्र में बेटी कुल की शान विषय पर चर्चा किया गया। द्वितीय सत्र में कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजन से हुई। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि गीतकार अरविंद कुमार लाल थे। अध्यक्षता शेरसिंह गोड़यिा ने की। वक्ता दिनेश कुरेटी थे। आधार वक्तव्य पुरवाही के संयोजक ओमप्रकाश साहू ने दिया। अपने वक्तव्य में श्री साहू ने बेटियों के महत्वपूर्ण योगदानों से परिचित कराया। कुरेटी ने बताया कि बेटियों की शिक्षा में सबसे ज्यादा योगदान सावित्री फुले व ज्योतिबा फुले का रहा। इस मौके पर श्री गोड़यिा, मुख्य अतिथि श्री लाल ने बेटियों पर अपने विचार रखे।

#### कवियों ने किया काव्य पाठ

द्वितीय सत्र में राजनांदगाँव व दुर्ग जिले के लगभग डेढ़ दर्जन कवियों ने काव्य पाठ किया। कवियों ने बेटी कुल के शान, देशभक्ति, ऑपरेशन सिंदूर, प्रकृति, ग्रीष्म ऋतु, पेड़ बचाव, पानी, प्रेम-गीत, दहेज, व्यवस्था, हास्य-व्यंग्य, सोहर, ददरिया जैसे विषय का काव्य पाठ किया। अध्यक्षता रामकुमार चंद्रवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि फकीर प्रसाद साहू, वेदराम पटेल थे। कवि गोष्ठी में अरविंद लाल, शेरसिंह गोड़यिा, रामकुमार चंद्रवंशी, ओमप्रकाश साहू, ग्वालाप्रसाद यादव, दिनेश कुरेटी, वेदराम पटेल, अलखराम यादव, रमेश मंडावी, फकीरप्रसाद साहू, डोहर साहू, कुलेश्वर साहू, नंदकुमार साहू, होरीलाल भुआर्य, हेमलाल सहारे, सेवंत देशमुख, कोमल साहू तथा जसवंत सिन्हा ने काव्य पाठ किया। संचालन नंदकुमार साहू, ग्वालाप्रसाद यादव ने किया। अंत में सभी साहित्यकारों को श्रीफल, गमछा, पेन तथा एक-एक पौधा देकर सम्मानित किया गया।

# रोजगार मेले में युवाओं ने दिखाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 15 मई को प्रिज्म कॉलेज भिलाई के तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के विद्यार्थियों ने मेला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेला के पहले चरण में विद्यार्थियों के लिए कैरियर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में विशेषज्ञों ने बायोडाटा लिखने, साक्षात्कार की प्रभावी तकनीक और समूह चर्चा में बेहतर प्रदर्शन के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस मार्गदर्शन सत्र में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी जिज्ञासाएं शांत की। वर्कशॉप के बाद योग्यता परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 67 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परिणामों के आधार पर साक्षात्कार और समूह चर्चा के लिए 20 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया का संचालन प्रिज्म कॉलेज भिलाई की विशेषज्ञ टीम ने किया। इस टीम में डायरेक्टर ख्याति साहू, आईक्यूएसी समन्वयक दुर्गा त्रिपाठी और प्लेसमेंट सेल के आशीष शामिल थे। उन्होंने निष्पक्ष मूल्यांकन कर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया। चयनित 20 विद्यार्थी प्रिज्म कॉलेज भिलाई में 8 से 12 जुलाई के मध्य साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होंगे। अंतिम चयन प्रक्रिया में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

उक्त आयोजन प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्राध्यापक भागवत राम थे। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ एनएस वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौश्यार्य, टोपलाल वर्मा, गावस्कर कौशिक उपस्थित थे।

### निधन



#### नरहरी महोबिया

**छुईखदान।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व समारूराम महोबिया के पोते नरहरिराम महोबिया उम्र 45 वर्ष का आज दोपहर देव लोक गमन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी, दो बच्चों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है। शुक्रवार को दोपहर 2 बजे के आसपास भुलाटोला सड़क के किनारे पर मृत हालत में अज्ञात लाश मिलने से लोगों में दहशत फैल गई थी। पुलिस के जानकारी लेने पर पता चला कि मृतक का नाम नरहरी राम महोबिया निवासी छुईखदान है। उनके जेब से कुछ लिखित दस्तावेज मिलने की खबर है। वह जल संसाधन संभाग छुईखदान में सहायक वर्ग 03 के पद पर कार्यरत थे। श्री महोबिया के निधन से शोक की लहर दौड़ गई है। स्व महोबिया को लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

### काउंसिलिंग की अंतिम तिथि आज

**राजनांदगांव।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में जिला स्तरीय मेरिट सूची तैयार कर शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में 17 मई तक प्रवेश प्रक्रिया के तहत काऊंसिलिंग की कार्रवाई की जाएगी। विद्यार्थियों को जिला स्तरीय मेरिट सूची के अनुसार वांछित अभिलेख के साथ विद्यालयीन समयावधि में काऊंसिलिंग में उपस्थित होने कहा गया है। वांछित अभिलेखों के अभाव में संस्था में प्रवेश प्रदान नहीं किया जाएगा।

# आडिटोरियम में चल रहे शो को कराया गया बंद

**राजनांदगांव।** शहर के ऑडिटोरियम में प्रणव शर्मा नामक कॉमेडियन का शो आयोजित किया गया, जहां जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा ने बताया कि प्रणव शर्मा बाहर से आया हुआ कॉमेडियन है। जिसके शो में अभद्रता एवं गालियों से कॉमेडी की सूचना विभाग सह संयोजक सुनील सेन ने दूरभाष से दिया। तत्पश्चात आयोजन के पूर्व ही विहिप बजरंग दल द्वारा आयोजकों को शो में अभद्रता एवं गालियों से दूर रख साफ- सुथरा आयोजन कराने की समझाइश दी गई, परंतु शो शुरू होने के कुछ देर बाद कॉमेडियन ने अपनी अभद्रता एवं गालियों से कॉमेडी सीन को बताने लगा। सूचना मिलते ही तत्काल बजरंग दल की टीम मौके पर पहुंच कार्यक्रम को बंद कराया। पूर्व में आयोजको को समझाइश के बाद भी इसे कृत्य किया जाना असहनीय है।

नगर संयोजक प्रिंस प्रशांत ने बताया कि शहर में संस्कृति विरुद्ध कार्यक्रम यदि हुए तो बजरंग दल इसका खुले तौर पर विरोध करता है। संगठन ने थाना में इस आयोजन के खिलाफ शिकायत भी की है। राजनांदगांव संस्कारधानी के नाम जाना जाता है। जिसमें संस्कारविहीन कार्यक्रम का संचालन होना पूरी तरह से गलत है।

उक्त स्थान पर विहिप जिला समरसता प्रमुख बाबाजी मेश्राम, बजरंग दल जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, संतोष तुरहाटे, नगर संयोजक प्रिंस हाथीबेड सहित नगर सुरक्षा प्रमुख अभिषेक शर्मा, सनमय श्रीवास्तव, भावेश निर्मलकर, प्रवीण शर्मा, राहुल ताम्रकार, जैकी सोनकर, अनुज गवरे, शुभम नाविक, दिव्यांश साहू, वेदांश शर्मा, हदयुदय, सत्यम जायसवाल, संकल्प श्रीवास्तव, अभिषेक गिरीपुंजे, भावेश साहू, प्रणय मुल्लेवर, शानू वर्मा, प्रतीक गड़ेवाल सहित संगठन के बड़ी संख्या में बजरंगी उपस्थित रहे।



## सार समाचार

### लाटरी से 21 पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटन



**राजनांदगांव।** देश के प्रत्येक परिवार के सिर पर पक्की छत हो, इस सोच को साकार करने प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना साकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर 15 मई को नगर निगम सभागृह में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत सावन वर्मा, सुनील साहू, शैकी बग्गा, राजा माखीजा, डीलेश्वर साहू, दीपक कुमार खांडे, वसीम खान, राकेश नंदे, हितेश ठाकुर की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 21 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 167 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है। इस अवसर पर ललित मानकर, सोनम पालिया, सजल तिवारी, राजेन्द्र रामटेके, साधना यादव, राकेश पटिले, वेदांत श्रीवास्तव एवं देव हाथीबेथ सहित हितग्राही उपस्थित थे।

### भानेश्वरी साहू का सुयश



**राजनांदगांव।** नवोदित प्रज्ञा सुमन हायर सेकंडरी स्कूल सुरगी की छात्रा भानेश्वरी साहू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 87 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण कर अपने स्कूल एवं परिवार का नाम रोशन की है। भानेश्वरी के पिता फकीर प्रसाद साहू टाईल्स लगाने का काम करते हैं एवं माता केकतीबाई रोजी-मजदूरी करती है। इस मेधावी छात्रा का सम्मान उनके घर में जाकर किया गया। छात्रा को मिठाई खिलाकर, पेन एवं श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं दी गई। भानेश्वरी ने अपनी सफलता का श्रेय प्राचार्य, शिक्षकों एवं परिवार के सहयोग को दिया है। इस अवसर पर ओमप्रकाश साहू, लखनलाल साहू, दिलीप कुमार साहू, फकीर प्रसाद साहू, डोहर दास साहू, डॉ. एस कुमार साहू, डॉ. चैतराम यादव, महेश साहू, खुमेश कुमार साहू, लोकनाथ साहू की उपस्थिति रही।

### 31 तक राजस्व करों का भुगतान करने अपील

**राजनांदगांव।** इस वित्तीय वर्ष में शासन लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए नगर निगम द्वारा सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। सही राजस्व वसूली के लिए भौतिक सत्यापन कर डिमांड दुरूस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

करदाताओं से अपने घर व प्रतिष्ठान के वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर 31 मई तक स्व-विवरणी भरने अपील की जा रही है। जिससे सही राजस्व वसूली की जा सके। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में शासन लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। राजस्व वसूली के लिए राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने निधारित वार्ड में जाकर वसूली कर रहे हैं तथा उन्हें वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर स्व विवरणी भरने समझाईस दी जा रही है। आयुक्त विश्वकर्मा ने करदाताओं से अपील करते कहा है कि वे अपने घर व प्रतिष्ठान के वर्तमान क्षेत्रफल के आधार पर 31 मई तक स्व-विवरणी भरे और नया दर अनुसार अंतर की राशि सहित भुगतान करें।

### राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में भाग लेंगे खिलाड़ी



**राजनांदगांव।** 71वीं राष्ट्रीय शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगता 2025 कोनडाजी बसपा ऑडिटोरियम महारानी कॉलेज बैंगलोर में 17 से 18 मई को आयोजित की जा रही है। जिसमें मेन फिजिक्स भारत उदय (नवोदित खिलाड़ी), भारत किशोर (22 वर्ष से कम), भारत कुमार (25 वर्ष से कम), भारत केसरी (40 वर्ष से ऊपर), भारत श्री (कोई उम्र बंधन नहीं) आदि खिताबों के लिए भारत वर्ष के बॉडी बिल्डिंग के खिलाड़ी भाग लेंगे। उक्त स्पर्धा के संबंध में जिला शरीर सौष्ठव संघ के अध्यक्ष एवं जय भवानी व्यायाम शाला के संरक्षक अमित आजमानी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं शरीर सौष्ठव महासंघ (आईएफबीएफ) द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में राजनांदगांव जिले से तीन खिलाड़ियों के साथ कोच सहित चार सदस्यीय टीम उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत उदय में गुलशन सिन्हा, भारत किशोर में विक्रम कुमार, भारत कुमार तुषार सोरी भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश से कुल 9 खिलाड़ियों का दल राष्ट्रीय निर्णायक तामेश्वर बंजारे के मार्गदर्शन व नेतृत्व में उक्त स्पर्धा में प्रतिभागी बनेंगे। राजनांदगांव जिला शरीर सौष्ठव संघ द्वारा उक्त खिलाड़ियों का चयन किया गया है। उक्त नवोदित बॉडी बिल्डर खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्पर्धा में चयन होने पर संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी, शेख वसीम, विवेक रंजन सोनी, नीरज शुक्ला, अजय श्रीवास्तव, बसंत मैगी, डोमन महोबिया, जग्गू सिंह ठाकुर, दीपक सोनी, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, अशोक श्रीवास, नीतिन शर्मा, दाऊद खान, अजय लोहार, रामाअवतार यादव, नाहिद अख्तर, नारायण लोहार आदि ने शुभकामनाएं दी। यह जानकारी जिला शरीर सौष्ठव संघ के सचिव शेख वसीम ने दी।

### ग्रामीण से नगदी रकम, मोबाइल की झपटमारी

**राजनांदगांव।** गांव जा रहे व्यक्ति का रास्ता रोककर बाइक में सवार दो आरोपियों ने नगदी रकम व मोबाइल की झपटमारी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढानछापर निवासी प्रार्थी आशाराम सिन्हा 52 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 15 मई को प्रातः पौन दस बजे डोंगरगढ़ से अपने गांव बूढानछापर जाते समय रास्ता हनुमान मंदिर - चेंदरी माता मंदिर बोरतालाब के पास पहुंचा ही था कि एक बाइक में सवार होकर दो अज्ञात आरोपी उसके पास आए और रास्ता रोककर पेंट के जेब में रखे 20,000 रुपए लगभग व शर्ट के जेब में रखे मोबाइल को छपटमारी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### छेड़छाड़ कर पत्थर से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास एवं पत्थर मारकर हमला करने के एक मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 14 मई को पीड़िता जीई रोड के बाजू स्थित अपने होटल में सो रही थी कि 15 मई की रात्रि करीबन ढाई बजे ग्राम आलीखुंटा का राजू साहू आया और गलत नियत से पीड़िता को गलत संबंध बनाने बोलने लगा। उसके मना करने पर आरोपी गुस्से में आकर पास में रखे बड़ा वजनी पत्थर को उठाकर जान से मारने की नियत से पीड़िता के सिर में मार दिया। जिससे उसे गंभीर चोंट आने से उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में भर्ती कराया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 79, 109 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया है। पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा कार्रवाई करते आरोपी का पता तलाश कर आरोपी राजू साहू पिता स्व. मनबोधीराम साहू 50 वर्ष निवासी ग्राम आलीखुंटा को उसके ग्राम आलीखुंटा से चौकी तुमडीबोड अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को 15 मई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

---

तीन जिलों के अधिकारियों के साथ हुई मैराथन बैठक

# सुशासन तिहार में औचक निरीक्षण अपने सेवा कार्यों की समीक्षा है: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार के आयोजन को लेकर औचक निरीक्षण करने राजनांदगांव जिले में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहां मानपुर-मोहला-अं. चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और राजनांदगांव जिले की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागवार अधिकारियों से चर्चा की। लगभग 3.30 घंटे तक चली इस मैराथन बैठक में मुख्यमंत्री ने कई दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक के पश्चात मुख्यमंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। जिसमें सुशासन तिहार के आयोजन को लेकर उन्होंने कुछ मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस अवसर पर विस अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह प्रदेशव्यापी अभियान है। सभी गांव तक सरकार को ले जाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि 44-45 डिग्री में भी किसी भी गांव में पहुंचकर निरीक्षण करना अद्भुत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कहीं भी पहुंचकर औचक निरीक्षण करते हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले में आवास देने अव्वल राज्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजना का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री राजनांदगांव पहुंचे हैं और यहां भी कई विकास की सौगात देंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने अब तक 15-16 जिलों में औचक निरीक्षण किया है।




#### मोदी की गारंटी पूरी करना हमारा कर्तव्य

मोदी की गारंटी में किए गए वादों को पूरा करने के मामले को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी के सभी वादे पूरी करना हमारा कर्तव्य है और इसमें से अधिकांश वादे हमने पूरे कर लिए हैं। जिला पंचायत में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित थे।

#### सरकार के कामकाज से संतुष्टि

मुख्यमंत्री ने कहा कि खैरागढ़-गंडई- छुईखदान जिले में औचक निरीक्षण करने के दौरान ग्राम झूरानदी चौपाल के दौरान लोगों ने सरकार के कामकाज को लेकर संतुष्टि जताई। छुईखदान में शीतबाबा जलाशय का निर्माण कार्य देखा गया।

#### सुविधा और समाधान की समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि 15 वर्षों तक डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश का चौमुखी विकास किया है। उन्हें चाऊर वाले बाबा के नाम से ख्याति मिली। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल से 31 मई तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। तीन चरणों में यहां अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत हम सभी बिना बताए कहीं भी पहुंच रहे हैं और चौपाल लगाकर डेढ़ साल में हमने जो सेवा का प्रयास किया है, उसका फीडबैक ले रहे हैं। इस दौरान समस्याएं और समाधान की समीक्षा की जा रही है।

#### तिरंगा यात्रा समाज का कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी जिले में हम पहुंचे। वहीं उन्होंने पहलगाम मामले को लेकर कहा कि अभी ऑपरेशन सिंदूर बंद नहीं हुआ है स्थगित हुआ है। वहीं उन्होंने कहा कि हमने जाबांज सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली है। तिरंगा यात्रा कल सभी जगह पर निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कोई पार्टी का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज का कार्यक्रम।

#### शिवनाथ नहर-नाली की स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने गंडई क्षेत्र में पूल निर्माण की घोषणा की। वहीं बरहमपुर में नए पंचायत भवन की सौगात दी। उन्होंने कहा कि लगभग 93 किलोमीटर के मार्ग में तीनों जिले के लिए 282 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। शिवनाथ नहर लाइनिंग कार्य की स्वीकृति की घोषणा भी की गई है।

#### गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं

सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होगा, गुणवत्ताहीन काम करने वालों को दंडित किया जाएगा।

#### कांग्रेस ने की संविधान की हत्या

कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही संविधान बचाओ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की हत्या करने वाले संविधान यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए कई बार संविधान से खिलवाड़ किया है।

#### सीतागांव में हुई चर्चा

मुख्यमंत्री ने बताया कि आज मोहला-मानपुर-चौकी जिले के सीतागांव में 8 पंचायत के लोगों के साथ चर्चा हुई। यहां आईटीबीपी के जवानों के साथ भोजन कर उन्हें नक्सलवाद के खात्मे के लिए अपना योगदान देने धन्यवाद किया गया। इस क्षेत्र में हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल भवन की घोषणा की गई। सीतागांव हाईस्कूल को अपग्रेड करने की घोषणा भी हुई।

### पुलिस की दबिश में 34 पौवा शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिलेभर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत चिखली पुलिस ने शमशान घाट के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी को पकड़ा। जिससे 34 पौवा देशी प्लेन बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने असामजिक तत्वों, अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

#### भेड़ीकला के पास पकड़ाया

अभियान कार्रवाई के तहत चिखली चौकी क्षेत्र में पुलिस 14 मई को मुखबीर सूचना के आधार पर ग्राम गठुला भेड़ीकला रोड शमशान घाट के पास अवैध शराब बिक्री कर रहा आरोपी अनिल मेश्राम 39 साल निवासी ग्राम गठुला ओपी चिखली के पास से 34 नग पौवा देशी शराब प्लेन शोले कीमती 2720 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

#### देशी, अंग्रेजी शराब बरामद

ग्राम तिलई में शेरे पंजाब ढाबा के पास रोड के किनारे बैठकर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा आरोपी परमजित सिंह भाटिया 59 साल के पास रखे एक प्लास्टिक बोरी में 80 पौवा। जिसमें 49 पौवा 20-20 डिलक्स अंग्रेजी शराब कीमती 5880 रुपए, 14 पौवा शोले मशाला देशी कीमती 1400 रुपए, 13 पौवा शोले देशी कीमती 1040 रुपए, 4 पौवा गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब कीमती 480 रुपए व शराब बिक्री की रकम 440 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।

## चलित प्याऊ घर का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश बैद द्वारा भीषण गर्मी में सकारात्मक पहल करते लगातार प्याऊ के माध्यम से लोगों को ठंडा जल उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। जिसके तहत गत दिनों दो स्थाई प्याऊ घर के बाद अब चलित प्याऊ घर खोलने की परंपरा शुरू हो चुकी है। जिसके तहत ई-रिक्शा के माध्यम से शहर के चौक-चौराहों एवं सभी व्यापारिक स्थलों पर जरूरतमंद लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने की योजना पर अमल करते आज एसएसडी परिवार द्वारा चलित प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुन दास पंजवानी, मन्नूमल मोटलानी, हरीश मोटलानी, दौलत रामचंदानी, अर्जुन गंगवानी, पंकज जेठानी, अशोक झमटानी, वासुदेव मोटलानी, तिवारी के साथ चेंबर ऑफ कॉमर्स के ज्ञानू बाफना, विनोद डड्ढा, अरुण डुलानी, सुनील बरडिया, भीमन धनवानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। चलित प्याऊ घर में सराहनीय सहयोग हरीश मोटलानी का रहा।

## दुकानदारों से जब्त की झिल्ली-पन्नी



**राजनांदगांव।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों को समझाईस देकर कार्रवाई कर रही है।

13 मई को बाजार क्षेत्र गुडाखू लाइन एवं कामठी लाइन में सिंगल यूज प्लास्टिक के 2 थोक विक्रेता तथा उपयोग करने वाले 9 दुकानदारों से कार्रवाई के तहत 4 हजार 8 सौ रुपए जुर्माना वसूल कर 2.50 किलो पालीथिन जब्त किया।उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कड़ा रूख अपना रही है। शासन मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग न करने समझाईस देकर कार्रवाई कर रही है।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु-पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते शासन निर्देश के अनुक्रम में निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे हैं। समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई की कड़ी में बाजार क्षेत्र गुडाखू लाइन एवं कामठी लाइन के थोक प्लास्टिक विक्रेता कांकरिया प्लास्टिक पर 2 हजार रुपए व साईनाथ प्लास्टिक पर 1 हजार रुपए जुर्माना लगा 1-1 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक में झिल्ली, पन्नी, डिस्पोजल जब्त की गई। इसी प्रकार किराना, अनाज, फ्लावर एवं फल सब्जी के 9 विक्रेता पर 1 हजार 8 सौ रुपए जुर्माना वसूला गया एवं 500 ग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक भी जब्ती की गई। आयुक्त विश्वकर्मा ने व्यापारियों से अपील करते कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करें। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते कहा है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते, जब भी घर से निकले कपड़े का थैला लेकर निकले तथा लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### पॉक्सो मामलों के लिए शरद सपोर्ट पर्सन नियुक्त



**राजनांदगांव।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पाक्सो) अंतर्गत राजनांदगांव जिले के लिए शरद श्रीवास्तव का चयन सपोर्ट पर्सन के रूप में किया गया है। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ओपी साहू की अध्यक्षता वाली समिति ने साक्षात्कार के माध्यम से लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत राजनांदगांव जिले के लिए शरद श्रीवास्तव को उनकी क्षमता और कार्य अनुभव के आधार पर चयन किया है।

## समाधान शिविर में शामिल हुए विस अध्यक्ष, दी सौगात

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के तहत शहर के मोतीपुर वार्ड में आयोजित समाधान शिविर में विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर प्राप्त आवेदनों का समाधान बताने और आवेदनों के निराकरण के लिए मोतीपुर स्कूल मैदान में वार्ड नं. 1, 2, 3, 4, 7 और 8 के लिए शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभांश का वितरण किया गया। आयोजन के अवसर पर सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, रमेश पटेल, पार्षद राजा माखीजा, आलोक श्रोती, शैंकी बग्गा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।



#### योजनाओं का मिला लाभ

शिविर में समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। मोतीपुर में आयोजित इस समाधान शिविर में राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, मछली जल, पेटी सहित अन्य शासकीय योजना का लाभ दिया गया।

#### हितग्राहियों को मिला आवास

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि गांव की छोटी-छोटी समस्याओं से लेकर शहरी स्तर की समस्याओं के निराकरण का कार्य इस शिविर में किया जा रहा है। इस शिविर में आवास योजना के हितग्राहियों को चाबी दिया गया। वहीं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्रासन्न सहित अन्य योजना से लोगों को लाभान्वित किया गया।

#### निराकरण के लिए शिविर

मोतीपुर में आयोजित इस शिविर को महापौर मधुसूदन यादव, सांसद संतोष पांडे सहित डॉ. रमन सिंह ने सबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शासन द्वारा आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है।

छह वार्डों के लिए आयोजित इस समाधान शिविर में लगभग 13 सौ आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से लगभग 11 सौ आवेदनों का निराकरण किया जाना बताया गया। मोतीपुर में आयोजित शिविर के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों के स्टॉल भी लगाए गए थे।

## युक्तियुक्तकरण: नियम विरूद्ध निकाली अतिशेष सूची

- दावा-आपत्ति के लिए चौबीस घंटे से भी कम समय दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन के निर्देश पर स्कूलों एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। पहले चरण के तहत राजनांदगांव विकासखंड के हायर सेकंडरी स्कूलों से अतिशेष शिक्षकों की सूची बुधवार को शासन के दिशा-निर्देश के विपरीत जारी कर दिया गया। जारी सूची में कई खामियां उजागर हुई। जिसको लेकर गुरुवार को काफी संख्या में व्याख्याता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के दफ्तर में पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई है।

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत हायर सेकंडरी स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी होने के बाद शिक्षकों में शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर आक्रोश पनप गया है। अतिशेष के तहत राजनांदगांव ब्लॉक से 35 शिक्षकों की सूची मापदंडों को दरकिनार कर आनन-फानन में निकाल दी गई। बताया जाता है कि जारी सूची में कई गंभीर त्रुटियां है। शासन की गाईड लाइन के विरूद्ध अतिशेष शिक्षकों का नाम सूची में शामिल कर दिया गया है। व्याख्याताओं ने बताया कि अतिशेष की सूची जारी करने में शिक्षा विभाग ने बहुत जल्दबाजी दिखाते नियमों की अनदेखी कर बड़ी संख्या में गलत तरीके से व्याख्याताओं का नाम शामिल कर दिया है। जबकि शासन के मापदंड के अनुसार सूची में शामिल कई शिक्षक दायरे से बाहर आ रहे हैं। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने अतिशेष की सूची में उन्हें शामिल कर एक नया विवाद को जन्म दे दिया है।

बताया जाता है कि बुधवार को शाम के समय अतिशेष व्याख्याताओं की सूची जारी की गई और दावा-आपत्ति के लिए चंद घंटों की गुरुवार दोपहर 12 बजे तक की मोहलत दी गई। ऐसे हालात में आनन-फानन में प्रभावित शिक्षक अपना जवाब बनाकर दौड़े-भागे विकासखंड शिक्षा अधिकारी के दफ्तर पहुंचे और बड़ी संख्या में अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

#### सेटअप के विरूद्ध अतिशेष

राज्य शासन ने 2008 में स्कूलों का सेटअप जारी किया था। इसी सेटअप के आधार पर अधिकांश स्कूलों में शिक्षक से लेकर व्याख्याताओं की पोस्टिंग की गई है। शिक्षा विभाग इस सेटअप के विरूद्ध जाकर हायर सेकंडरी स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी की है। इसी बात को लेकर गुरुवार को ज्यादातर व्याख्याता दावा-आपत्ति दर्ज कराई। हायर सेकंडरी में पदस्थ व्याख्याता 4 से 5 कालखंड की पढ़ाई करवाते हैं। स्कूलों की दर्ज संख्या के आधार पर अधिकांश स्कूलों में सेटअप के अनुसार व्याख्याता पदस्थ है, लेकिन शिक्षा विभाग इस सेटअप के खिलाफ जाकर कई व्याख्याताओं को अतिशेष की सूची में शामिल कर दिया है।

#### कई स्कूलों के व्याख्याताओं से भेदभाव

अतिशेष व्याख्याताओं की सूची जारी होने के बाद ब्लॉक के कई स्कूलों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाए जाने का आरोष लग रहा है। बताया जाता है कि ब्लॉक की कई स्कूलों में सेटअप के अनुसार व्याख्याताओं की पोस्टिंग नहीं है। सेटअप से ज्यादा व्याख्याता स्कूलों में पदस्थ है। ऐसे व्याख्याताओं को शिक्षा विभाग अतिशेष नहीं मान रहा है। इसी बात को लेकर सूची में शामिल व्याख्याताओं में शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी देखी जा रही है। गुरुवार को ऐसे व्याख्याता बड़ी संख्या में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के दफ्तर में पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई है। आपत्ति में उन स्कूलों का नाम दर्ज है, जहां मापदंडों की अनदेखी की गई है।

online Booking-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से चिल्फी-रेंगाखार जंगल तक हो रहा सड़क का निर्माण

# चिल्फी से रेंगाखार जंगल तक सड़क निर्माण कार्य को जनप्रतिनिधि कर रहे लगातार निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वनांचल क्षेत्र के वर्षों से लंबित और क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी मानी जाने वाली चिल्फी से रेंगाखार जंगल सड़क निर्माण कार्य को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर चिल्फी से रेंगाखार जंगल तक सड़क निर्माण कार्य को बेहतर गुणवत्ता और टिकाऊपन के साथ और निर्माण कार्य में उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

कार्य की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि लगातार स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं और कार्य की गति तथा गुणवत्ता की निगरानी कर रहे हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी पहलुओं की भी जांच की जा रही है, ताकि वनांचल क्षेत्र के नागरिकों को एक बेहतर सड़क सुविधा मिल सके। यह सड़क हजारों ग्रामीणों के जीवन से भी सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। चिल्फी से लेकर रेंगाखार जंगल तक 27.80 किलोमीटर लंबी यह सड़क लंबे समय से अधूरी पड़ी थी। निर्माण कार्य बीच में रुक जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

आए दिन वनांचल वासियों को कठिनाई और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो रही थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों की मांग पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समाधान निकाला। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देशन में कार्य को पुनः गति मिली और इसे सुशासन दिवस के दिन विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया।



### क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल

चिल्फी से रेंगाखार जंगल सड़क निर्माण कार्य के पुनः प्रारंभ होने के पश्चात क्षेत्र में खुशियों की लहर दौड़ गई है। कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि यह पूरे वनांचल क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक उन्नति का आधार बनेगी। उन्होंने कार्य में तेजी और पारदर्शिता बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। चिल्फी, झलमला, रेंगाखार जंगल सहित आसपास के ग्रामों में हर्ष माहौल है। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क उनके लिए सपने के साकार होने जैसा है, जिसे वर्षों से देखा जा रहा था। स्थानीय युवाओं, महिला समूहों और वरिष्ठ नागरिकों ने भी उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के इस संवेदनशील निर्णय को सराहा और कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र को अब नई दिशा मिलेगी।



### लोगो को मिलेगी आवागमन की सुविधा

चिल्फी से रेंगाखार जंगल तक सड़क निर्माण कार्य से वनांचल क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होता नजर आ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने हर्ष जताते हुए कहा कि इस सड़क के पूर्ण होने के बाद अब उन्हें अस्पताल, स्कूल और बाजार तक पहुंचने में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि अब यह सड़क न केवल राहत देगी, बल्कि जीवनरक्षक साबित होगी। छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने भी खुशी जताई कि इससे बच्चों की नियमित स्कूल उपस्थिति सुनिश्चित होगी और उच्च शिक्षा के लिए शहर जाना भी अब मुश्किल नहीं रहेगा। स्थानीय व्यापारियों और किसान परिवारों का कहना है कि इससे उनकी उपज को बाजार तक पहुंचाने में लगने वाला समय और लागत दोनों कम होंगे। अब क्षेत्र के उत्पादों को बड़े बाजारों में उचित मूल्य मिल सकेगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क वनांचल को न सिर्फ मुख्यधारा से जोड़ेगी, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा, शिक्षा और आर्थिक प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

# किसान कांग्रेस ने थाली बजाकर पंडरिया कारखाना प्रबंधन को जगाने का किया प्रयास

- जल्द भुगतान सहित निजीकरण के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा





किसानों की उन्नति का प्रतीक शक्कर कारखाना आज किसानों की दुर्गति को दिखाने पर मजबूर हो गया है, जिसका मुख्य कारण पंडरिया शक्कर कारखाने का मिस मैनेजमेंट है, किसान कांग्रेस के जिला प्रभारी रवि चंद्रवंशी ने बताया कि किसान लगातार अपने बेचे हुए गन्ने की भुगतान के लिए आवेदन निवेदन कर रहे हैं पर 6 माह बीत जाने के बाद भी यहां लगभग 40 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है जिसके कारण आज हमें यह महसूस हुआ कि कारखाना प्रबंधन पिछले 6 महीनों से कुम्भकर्णीय नींद पर सोई हुई है जिसको जगाना पड़ेगा तभी भुगतान होगा तो सारे किसान और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा थाली बजाकर, बेशरम का फूल लहराकर प्रदर्शन किया गया है आने वाले 10 दिनों में यदि भुगतान नहीं होता तो हमारे द्वारा अनिश्चित कालीन चक्का जाम किया जाएगा परन्तु जब तक किसानों को उनका भुगतान नहीं होता हम चुप नही बैठेंगे। वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि हम किसानों की आवाज बनाकर उनके हक अधिकार के लिए सदैव लड़ते आये और लड़ेंगे हमारे मुखिया भूपेश बघेल ने किसानो को समृद्ध बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये पर जब से भाजपा सरकार आई है किसानों की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती ही जा रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गन्ना उत्पादक किसानों सहित जिला किसान कांग्रेस प्रभारी रवि चंद्रवंशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल व पदाधिकारी, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता सहित सैकड़ो की संख्या में आमजन शामिल रहे।

# प्रिज्म कॉलेज भिलाई के साथ हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई और प्रिज्म कॉलेज, भिलाई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करेंगे, जिसमें फैकल्टी और छात्र विनिमय कार्यक्रम, कार्यशाला, सेमीनार और विभिन्न प्रशिक्षण शामिल है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जिससे उनके कौशल का विकास हो सके और वह नवीनतम ज्ञान से अवगत हो सकें। समझौते पर हस्ताक्षर प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे और प्रिज्म कॉलेज भिलाई की डायरेक्टर ख्याति साहू की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक भागवत राम, प्रिज्म कॉलेज की समन्वयक दुर्गा त्रिपाठी, प्राध्यापक डॉ एनएस वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौश्यार्य, टोपलाल वर्मा, श्री गावस्कर, श्री कौशिक आदि उपस्थित थे। इस साझेदारी को लेकर दोनों संस्थानों के प्रमुखों ने उत्साह व्यक्त किया। डॉ. कुर्रे ने कहा कि यह समझौता छात्रों और शिक्षकों के लिए नए रास्ते खोलेगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद करेगा। श

# जिला पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को उपचार के लिए भेजा सेन्दरी बिलासपुर चिकित्सा केंद्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

15 मई गुरूवार को पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह भापुसे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में चौकी बाजार चारभाठा प्रभारी संतोष सिंह द्वारा एक सराहनीय मानवीय पहल की गई। ग्राम चारभाठा की निवासी सुनीता कौशिक उम्र 40 वर्ष, जिसकी मानसिक स्थिति लंबे समय से अस्थिर प्रतीत हो रही थी, आए दिन आसपास के लोगों से विवाद, गाली-गलौज एवं मारपीट जैसी घटनाओं में शामिल पाई जा रही थी। उसकी हरकतों से मोहल्ले में भय का वातावरण निर्मित हो गया था, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों में असुरक्षा की भावना थी। स्थानीय नागरिकों द्वारा दिए गए आवेदन पर पुलिस ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए महिला की मां यशोदा कौशिक से चर्चा की और परामर्श के उपरांत सुनीता को राज्य मानसिक चिकित्सा संस्थान सेन्दरी बिलासपुर में विधिवत उपचार हेतु भिजवाया गया। यह कार्यवाही पूरी संवेदनशीलता एवं कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए संपन्न की गई। कबीरधाम पुलिस आमजन से अपील करती है कि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील रहें और यदि किसी की स्थिति सार्वजनिक व्यवस्था या स्वयं के लिए खतरा बन रही हो, तो तत्काल पुलिस या स्वास्थ्य विभाग को सूचना दें। पुलिस आपकी सेवा और सुरक्षा के लिए सतत् प्रयासरत है। इस मानवीय कार्रवाई में प्रधान आरक्षक महेन्द्र चंद्रवंशी, आरक्षक हरिशंकर सुमन, प्रवीण साहू, मिथुन नाथ योगी एवं महिला आरक्षक लता यादव की विशेष भूमिका रही।



# ग्रामीणों व स्थानीय खिलाड़ियों ने मिनी स्टेडियम की व्यवस्थाएं दुरूस्थ कराने की मांग

## मिनी स्टेडियम में आधी अधूरी व्यवस्थाओं से खिलाड़ियों को हो रही समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में शासन की मुख्यमंत्री समर्ग ग्रामीण विकास योजना के तहत स्वीकृत लाखों रूपए की राशि से कार्य ऐजेंसी कोलेगांव ने मिनी स्टेडियम का निर्माण तो करा दिया है लेकिन ग्रामीणों और स्थानीय ग्रामीणों की माने तो यहां कोई सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई और मिनी स्टेडियम निर्माण के नाम संबंधित कार्य ऐजेंसी ने कांटा मारी कर जमकर अनियमितताएं बरती है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 50 लाख रूपए की लागत से निर्मित इस मिनी स्टेडियम में स्थाई विद्युत कनेक्शन नहीं दिया गया है। जिसके चलते शाम ढलते ही मिनी स्टेडियम भवन में अंधेरा गहरा जाता है और खिलाड़ियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार मिनी स्टेडियम में पेयजल की व्यवस्था के लिए नया बोर खनन नहीं किया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक मुक्तिधाम के पुराने बोर से ही काम चलाया जा रहा है। वहीं अगर मिनी स्टेडियम के खेल मैदान की बात की जाए तो यहां मैदान का सही ढंग से समतलीकरण नहीं किया गया है। पूरे मैदान में पत्थर और गिट्टी पड़ी हुई है जिससे खेल के दौरान खिलाड़ियों को चोट लगने और उनके घायल होने की आशंका बनी रहती है। मिनी स्टेडियम के इस आधे अधूरे कार्य के चलते स्थानीय खिलाड़ियों का इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मिनी स्टेडियम की व्यवस्थाएं दुरूस्थ कराए जाने जाने की मांग की है। ताकि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्थानीय बच्चे अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकें।

# कलेक्टर को बताया समस्याएं

## किसानों को क्षतिपूर्ति देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने गुरूवार को कलेक्टर इंद्रजीत चन्द्रवाल से मुलाकात कर किसानों की समस्या से अवगत कराते हुए राहत पहुंचाने की बात कही। बीते सप्ताह आंधी, बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद हो गई। कई किसान कर्ज में डूब गए है। उन्होंने फसल का सर्वे कराकर किसानो को क्षतिपूर्ति दिलाने पत्र जिलाधीश को सौंपा है। श्री जंघेल ने बतया कि जिले के किसान केला, पपीता, सब्जी, मुंग, उडद, धान की खेती कर रहे है लेकिन ओला वृष्टि, आंधी से किसानो की फसल चौपट हो गई है। खराब मौसम ने किसानों की कमर तोड दिया है। नुकसान का सर्वे कर क्षतिपूर्ति राशि किसानों को मिलना चाहिए।



### पेयजल की हो समुचित व्यवस्था

श्री जंघेल ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवो में अपूर्ण पानी टंकी, पाइप लाइन विस्तार को पूर्ण करवा कर ग्रामीणों को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि योजना संचालित होने के बावजूद लोग पानी के लिए भटक रहे है। उन्होंने ग्राम मुरई के जल जीवन मिशन कार्य की जांच और कार्यवाही की मांग किया है।

## ग्राम पंचायत गुढ़ा में समाधान शिविर आयोजित



**हरिभूमि न्यूज पण्डरिया।** पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम गुढ़ा में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार के तहत प्रथम चरण में ग्रामवार आवेदन लिए गए, दूसरे चरण में आवेदन का निराकरण किया गया और फिर तीसरे चरण मे सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कर समस्याओं के निराकरण की जानकारी दी गई। साथ ही शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी के प्रचार-प्रसार के लिए स्टाल लगाया जा रहा है। वही जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए यह आवश्यक है कि पटवारी सप्ताह में कम से कम एक या दो दिन अपने हल्का पटवारी कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहें। जहां पटवारी कार्यालय नहीं है, वहां पटवारी को ग्राम पंचायत भवन में बैठने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लोगों को राजस्व संबंधी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान मिल सके। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सचिवों को भी पंचायत भवन में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं सहज और पारदर्शी बनी रहें। वही शासन और प्रशासन जन समस्याओं के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील है। उन्होंने गुढ़ा के विद्युत सब स्टेशन में आने जाने के लिए वर्षो से सड़क नहीं है बरसात मे पूरा रास्ता कीचड़ से लथपथ रहता है क्षेत्र की लोगों की मांग और जिला पंचायत के सदस्य डॉ वीरेंद्र साहू के अनुशंसा पर तत्काल 5 लाख रूपए की लागत से सड़क निर्माण की घोषणा की गई। जिला पंचायत सदस्य डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में गाँवो का चहुमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश में जहां माताओ को प्रतिमाह 1000 रूपए महतारी वंदन के तहत प्रोत्साहन राशि देकर सशक्त बनाया जा रहा है। वही प्रदेश के 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास देकर गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाने कोशिश किया जा रहा है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 की दर पर ख़रीदी जा रहा है। वही एमएसपी के बाद शेष बोनस की राशि का एक मुफ्त भुगतान किया जा रहा है सभा को जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष गणेश तिवारी के द्वारा भी संबोधित किया। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी मुकेश रावटे, कवर्धा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी खिलेश्वर साहू, राजू चंद्रवंशी, मनोज सिन्हा, जनपद सदस्य रूपेंद्र सिन्हा, पोषण साहू खिलेश्वर साहू, कुंभकरण सिन्हा, चतुर साहू, विपिन तिवारी सहित 10 ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव जनप्रतिनिधि सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें : ईश्वरी साहू

# बिरोड़ा में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बिरोड़ा में शुक्रवार को सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे व श्री साहू ने शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही सामग्री और स्वीकृति पत्र वितरित किए। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की गई तथा कई समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया।

शिविर में बिरोड़ा सहित सिल्हाटी, भिंभौरी, लाखाटोला, विचारपुर, रक्से, बबई, नरोधी, धनौरा, भगवताटोला और तिलईभाट गांवों से प्राप्त आवेदनों का भी निराकरण किया गया। श्री साहू ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सुशासन को प्राथमिकता दे रही है। समाधान शिविरों के माध्यम से सरकार गांव-गांव जाकर जनता की समस्याएं सुन रही है और त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। अधिकारी हर हितग्राही से व्यक्तिगत रूप से मिलें और यदि वे किसी योजना के पात्र हैं तो उन्हें तत्काल लाभ दिया जाए।

इस अवसर पर उन्होंने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व की भी सराहना की और कहा विजय शर्मा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने करोड़ों रुपये की योजनाएं स्वीकृत की हैं, जिससे ग्रामीण अंचलों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे जिन्होंने शासन की इस पहल की प्रशंसा की। लोगों ने बताया कि पहले जिन कार्यों के लिए उन्हें कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, वे अब एक ही स्थान पर, शीघ्रता से हल हो रहे हैं।

शिविर में प्रमुख रूप से लाला राम साहू, राजेंद्र साहू, योगेश साहू, रवि सिंह राजपूत, हुकुम सिंह, लीला धनुक वर्मा, संतोष तिवारी एवं सभी सरपंच स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पीएम श्री सेजेस पिपरिया में 10 दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




पीएम श्री योजना अंतर्गत भारत सरकार के वार्षिक कार्य योजना प्रोजेक्ट इनोवेशन मद के तहत राज्य छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जाना आदेशित है, इसी तत्वाधान में 16 मई को पीएम श्री सेजेस पिपरिया मे 10 दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ किया गया, इस समर कैम्प का आयोजन 16 मई 2025 से 28 मई 2025 तक किया जावेगा, जिसमे इस स्कूल के सभी विद्यार्थियों को क्ले मॉडलिंग स्किल एवं ब्यूटी पार्लर तथा बंबू क्राफ्टिंग आदि विभिन्न गतिविधियाँ सिखाई जाएगी इस शुभारंभ में मुख्य अतिथियों के रूप में घुरुवाराम साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पिपरिया, विक्की अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पिपरिया, चित्रबाहू देवांगन अध्यक्ष शाला विकास समिति सेजेस पिपरिया एवं समस्त पार्षदगण नगर पंचायत पिपरिया की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के संयोजक एवं नोडल प्रभारी विनोद चंद्रवंशी वरिष्ठ व्याख्याता, सुभद्रा साही वरिष्ठ व्याख्याता एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### समिति के हेमंत ठाकुर बने जिला महासचिव



**कवर्धा।** जिला गोंड़ समाज सेवा समिति जिला कबीरधाम पंजीयन क्रमांक 21752 के जिला प्रबंध कार्यकारिणी एवं ब्लॉक प्रबंध कार्यकारिणी का बैठक गत दिनो जिला अध्यक्ष राजा योगेश्वर राज सिंह के अध्यक्षता में आदिवासी मंगलभवन में आहूत की गई। बैठक में उपस्थित समस्त समाज प्रमुखों ने फड़ापेन का पूजा कर बैठक प्रारंभ की। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें मंगल भवन संचालन समिति का विस्तार कर भवन के कुशल संचालन का संपूर्ण प्रभार दिया गया। बैठक में हेमंत ठाकुर को सर्व सम्मति से जिला महासचिव मनोनीत किया गया। युवा प्रभाग के जिला अध्यक्ष सहित प्रबंध कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया। जिसमें संतोष धुर्वे जिला अध्यक्ष युवा प्रभाग, राजेन्द्र ठाकुर कार्यकारी अध्यक्ष, रामजी धुर्वे जिला उपाध्यक्ष, सरजू धुर्वे, गौतम मरकाम, फगन सैय्याम संगठन प्रभारी, सुरेन्द्र उईके सचिव, राममोहन पोर्ते, मिल्खा पोर्ते जिला उपाध्यक्ष तथा उत्तम नेताम को जिला प्रभारी युवा प्रभाग मनोनीत किया गया।

### बैजलपुर और डोमसरा में शिविर आज

**कवर्धा।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार अंतर्गत 17 मई को बोड़ला विकासखंड के ग्राम बैजलपुर और पंडरिया विकासखंड के ग्राम डोमसरा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्राम बैजलपुर अंतर्गत बैजलपुर, सिंघारी, बोरिया, अंधरीकछार, खण्डसरा, मड़मड़ा, छांटा, कबराटोला, महली, अचानकपुर, भलपहरी, कामाडबरी, खड़ौदाखुर्द, खरिया मुडघूसरी मैदान को शामिल किया गया है। इसी तरह ग्राम डोमसरा अंतर्गत मैनपुरा, रेहंटाखुर्द, महली, नवागांव हट्टा, पड़कीकला, डोमसरा, सुरजपुराकला, खैरझिटीनया, नानापुरी, कोडापुरी, नरौली, डबरी, खरहट्टा, बघर्रा, भूवालपुर को शामिल किया गया है।समाधान शिविर में लोग अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण और फर्जी नियुक्ति के आरोप में एसआईबी का प्रधान आरक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अभ्यर्थियों की आरक्षक पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रूपए की ठगी करने और एक महिला अभ्यर्थी से लाखों की ठगी के साथ उसका शारीरिक शोषण किए जाने की गंभीर शिकायत सामने आने के बाद कवर्धा कोतवाली पुलिस ने आरोपी विशेष सूचना शाखा एसआईबी जिला कबीरधाम में पदस्थ प्रधान आरक्षक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उसे शादी के मंडप से गिरफ्तार किया है।

आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 27/2025, धारा 64(2)(एम), 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 15 मई को प्रार्थी मुकेश मरकाम गोपनीय सैनिक, जिला कबीरधाम ने कवर्धा कोतवाली पहुंचकर आरोपी एसआईबी के प्रधान आरक्षक बहादुर सिंह मेरावी के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने आरक्षक पद पर नियुक्ति दिलाने के नाम पर उनसे 5,60,000 रूपए तथा सुरेश मानिकपुरी से 2,60,000 रूपए की राशि धोखे से प्राप्त की। इतना ही नहीं आरोपी ने अभ्यर्थियों को भरोसे में लेने के लिए उनके व्हाट्सएप पर फर्जी नियुक्ति आदेश और मेडिकल परीक्षण के दस्तावेज भेजकर नियुक्ति की प्रक्रिया आरंभ होने का भरोसा दिया। बाद में नियुक्ति निरस्त करने का झूठा हवाला देकर रकम वापस करने से इंकार कर दिया। प्रार्थी ने इस बात का भी खुलासा किया कि आरोपी से राशि मांगने पर उसने जान से मारने की धमकी भी दी। जिस पर थाना कवर्धा ने तत्काल आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

कवर्धा कोतवाली पुलिस के मुताबिक इसी कड़ी में 16 मई को एक महिला अभ्यार्थी ने भी कोतवाली पहुंचकर आरोपी एसआईबी के प्रधान आरक्षक बहादुर सिंह मेरावी के विरूद्ध आरक्षक पद पर नियुक्ति दिलाने का प्रलोभन देकर 6,00,000 रूपए की राशि भी ली और इसके बाद आरोपी द्वारा उस महिला का शारीरिक शोषण भी किया। जिस पर अपराध क्रमांक 27/2025, धारा 64(2)(एम), 318(4) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

इन दोनो ही मामलों की प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने 16 मई को आरोपी एसआईबी के प्रधान आरक्षक बहादुर सिंह मेरावी को गिरफ्तार कर लिया।



### शादी के मंडप से की गई आरोपी की गिरफ्तारी

बताया जाता है कि धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण और फर्जी नियुक्ति जैसे गंभीर मामले के आरोपी एसआईबी के प्रधान आरक्षक बहादुर सिंह मेरावी का विवाह होने वाला था और 15 मई से उसके निवास में वैवाहिक कार्यक्रम भी प्रारंभ हो चुके थे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के मुताबिक 17 मई को आरोपी की बारात निकलने वाली थी। लेकिन पुलिस ने इससे पूर्व ही आरोपी के ठिकाने में दबिश देकर उसे विवाह के मंडप से ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया।

## धोखा: किसानों को कम्पनी ने लगाया चूना, बेंची सैकड़ों बोरी अमानक खाद

# जिले के इथेनॉल प्लांट में निर्मित पोटाश खाद अमानक घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कहने को तो शासन ने जिले में इथेनॉल प्लांट की स्थापना इस मंशा से कराई थी इस प्लांट से जिले के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और किसान समृद्ध होंगे। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि जिले में संचालित इथेनॉल बनाने वाली कंपनी शासन-प्रशासन की नाक के नीचे किसानो को चूना लगाने में जुटी हुई है। इस बात का खुलासा हाल ही में कार्यालय उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड बोड़ला, जिला-कबीरधाम द्वारा की गई एक कार्यवाही के बाद हुआ है।

बताया जाता है कि हाल ही में शिकायत सामने आने के बाद उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड बोड़ला, द्वारा जिले में संचालित इथेनॉल व पोटाश खाद बनाने वाली कंपनी से उर्वरक गुण नियंत्रण के अन्तर्गत विक्रय स्थल भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना से उर्वरक पोटाश डिराइव्ड फ्रॉम मोलासेस (पीडीएम) (पोटाश 14 प्रतिशत) का नमूना लिया था और उसे जांच के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के फर्टिलाइजर क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेटरी भेजा गया था। विभागीय जानकारी के मुताबिक जांच उपरांत जो जांच रिपोर्ट सामने आई है वह चौकाने वाली है।

विभाग के मुताबिक जिले में संचालित इथेनॉल व पोटाश खाद बनाने वाली कंपनी द्वारा निर्मित किए गए पोटाश खाद के पहले नमूने में 1 प्रतिशत एवं दूसरे नमूने में 3.5 प्रतिशत पोटाश की मात्रा पाई गई है, जो कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 19 (ए) का खुला उल्लंघन है। इस खुलासे के बाद अब विभागीय ने इस पोटाश खाद को अमानक घोषित करने के बाद आगे की कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के मुताबिक इथेनाल कंपनी एनकेज द्वारा निर्मित पोटाश खाद का विक्रय एक अनुबंध के तहत भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना द्वारा किया जा रहा है। जिसे भी विभाग द्वारा नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

### कम्पनी के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही की मांग



सीधे तौर पर जिले के किसानो और उनकी फसलों से जुड़े इस बेहद संवेदनशील मामले को लेकर अब भारतीय किसान संघ ने भी पोटाश खाद निर्माता कम्पनी केएफार्म टेक्नोलॉजस पीवीटीएलटीडी राम्हेपुर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी के नेतृत्व में संघ ने जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा है और दोषी कम्पनी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। संघ ने आरोप लगाया है कि इथेनॉल बनाने वाली कंपनी की सहायक कंपनी केफार्म टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा उपज नाम से बनाए गए पोटास खाद में पोटाश की मात्रा 14.5 प्रतिशत दर्शाई गई है जबकि इस खाद के नमूने की जांच छत्तीसगढ़ सरकार के फर्टिलाइजर क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेटरी से लेब टेस्ट किए जाने पर पोटाश की मात्रा पहले नमूने में 1 प्रतिशत एवं दूसरे नमूने में 3.5 प्रतिशत पाया गया है तथा लेब द्वारा उसे अमानक (फर्जी) घोषित किया गया है।

### भारतीय किसान संघ 20 मई को करेगा कम्पनी का घेराव व तालाबंदी

भारतीय किसान संघ ने बताया कि कम्पनी ने वृहद पैमाने पर यह अमानक खाद जिले के किसानों को बेची है जो कि किसानों के साथ धोखा है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ ही फसल हानि के रूप में भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ ने कहा कि किसानों के साथ इस तरह से फर्जीवाड़ा करने वाली कंपनी को तुरंत बंद कर उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए तथा कंपनी के द्वारा किसानों को मुआवाजा दिलाया जाए। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि इथेनाल कम्पनी एनकेजे द्वारा किसानों का 19 करोड़ रूपए का भुगतान नहीं किए जाने तथा उसकी सहायक कम्पनी के फार्म टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किसानों को फर्जी पोटाश बेचने के विरोध में कम्पनी का तालाबंदी तथा घेराव भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों द्वारा 20 मई 2025, मंगलवार को किया जावेगा।

### बंद कर दिया गया है विक्रय

पोटाश खाद की जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद कारखाना द्वारा संबंधित पोटास खाद का विक्रय पूर्णता: बंद कर दिया गया है।

**जीएस शर्मा, प्रबंध संचालक भोरमदेव शक्कर कारखाना**

# पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाहनों पर कसा शिकंजा, सौ से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन को लेकर पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह सख्त हो गया है। हाल ही में जिले भर में चलाए गए विशेष जांच अभियान में 100 से अधिक बिना नंबर प्लेट के दोपहिया वाहनों को जब्त किया गया।

यह कार्रवाई न केवल ट्रैफिक अनुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई, बल्कि अपराध पर नियंत्रण और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी मानी गई। एसपी धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व और निर्देश पर यह अभियान 15 मई को एसडीओपी कृष्ण चंद्राकर की देखरेख में संचालित हुआ।

शहर के प्रमुख स्थानों, विशेषकर सिग्नल चौक पर सघन जांच की गई, जिसमें बिना वैध नंबर प्लेट के दोपहिया वाहन जब्त कर कोतवाली लाया गया। पुलिस ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब नियमों को नजरअंदाज करने वालों के लिए कोई राहत नहीं है। कोतवाली लाए गए सभी वाहनों को तभी छोड़ा गया, जब मालिकों ने वैध नंबर प्लेट लगवा ली।

इससे यह संदेश गया कि अब बिना नंबर वाहन चलाना सिर्फ चालान का मामला नहीं रहेगा, बल्कि वाहन जप्ती और थाने की सैर तक बात पहुंच सकती है। एसपी श्री सिंह ने बताया कि चोरी और अन्य असामाजिक गतिविधियों में अक्सर बिना नंबर प्लेट वाले वाहन इस्तेमाल किए जाते हैं, जिससे अपराधियों की पहचान मुश्किल हो जाती है।

इस वजह से इस तरह की लापरवाही को अब बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस सघन जांच अभियान में पुलिस, यातायात और डीआरजी के जवानों ने मुस्तैदी से भूमिका निभाई। कबीरधाम पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे समय रहते अपने वाहनों में वैध नंबर प्लेट लगवाएं और ट्रैफिक नियमों का पूरी तरह पालन करें।

# आवास निर्माण में अनियमितता विकासखंड समन्वयक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर सीईओ जिला पंचायत द्वारा त्वरित कारवाही करते हुए विकासखंड समन्वयक जनपद पंचायत बोड़ला भुवनेश्वर धुर्वे को तत्काल प्रभाव से जिला पंचायत कबीरधाम में संलग्न किया गया है। ग्राम पंचायत दलदली जनपद पंचायत बोड़ला से सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण सुंदर बैगा पिता धरमसिंह ग्राम चेद्रादादर द्वारा आवास निर्माण में विकासखंड समन्वयक के विरुद्ध अनियमितता की शिकायत की गई थी। प्रारंभिक जांच में अनियमितता संभावित पाया गया है। जिस पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विकासखंड समन्वयक को जिला पंचायत कबीरधाम में संलग्न करते हुए चार सदस्य जांच दल का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि हितग्राहियों द्वारा इस संबंध में उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग माननीय विजय शर्मा को शिकायत की गई थी। छत्तीसगढ़ शासन के मंशा अनुरूप किसी भी निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं और इसी क्रम में यह बड़ी कार्रवाई की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आवास योजना के निर्माण कार्य में अनियमित की शिकायत प्राप्त हुई है। प्रकरण पर चार सदस्य दल द्वारा जांच किया जा रहा है। समिति द्वारा ग्राम पंचायत चेद्रादादर में हुए आवास निर्माण का भौतिक निरीक्षण करते हुए ग्रामीणो के बयान दर्ज किया जा रहे हैं। वर्तमान में जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

# घर में घुसकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, नगद 8000 रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को भोरमदेव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी के 8000 रूपए भी बरामद किए गए है।

पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305(1), 331(3) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ) के निर्देशन में जिले में चोरी, झपटमारी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल एवं एसडीओपी कबीरधाम कृष्ण कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में थाना भोरमदेव पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। थाना भोरमदेव क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति के घर में घुसकर नगद 8000 रुपए की चोरी करने वाले आरोपी शत्रुहन साहू निवासी ग्राम चिमरा को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।



रिपोर्ट दर्ज होने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी से चोरी की पूरी राशि बरामद कर ली गई है। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसद्ध की धारा 305(1), 331(3) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय प्रस्तुत किया गया। मामले की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद साहू, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र ठाकुर, राजेश देशलहरे, आरक्षक जीत राम चंद्रवंशी एवं आकाश राजपूत की विशेष भूमिका रही।

## बाल ड्राइंग प्रतियोगिता में डीपीएस की छात्रा पलक साहू प्रथम



**कवर्धा।** हरितिमा कवर्धा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बाल ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने हरियाली और जीवन विषय पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल से पलक साहू कक्षा 9 वीं, खुशी तराम कक्षा 8 वीं एवं खुशबू साहू कक्षा 9 वीं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के महत्व को दर्शाया। प्रतियोगिता में पलक साहू ने उत्कृष्ट कला प्रस्तुति के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिससे न केवल विद्यालय बल्कि पूरे समुदाय को गर्व महसूस हुआ। इस अवसर पर आयोजन समिति ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने विजेता और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी एवं छात्रों को भविष्य में भी अपनी रचनात्मकता को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## गदपुरी जिला पलवल हरियाणा में आयोजित किया गया पांच दिवसीय शिविर

# राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर में जिले के स्काउट मास्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन (साहसिक गतिविधि) का आयोजन मध्य परिक्षेत्र नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स, गदपुरी जिला पलवल हरियाणा में गत दिनो आयोजित किया गया। जिसमें संपूर्ण छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिला से स्काउट मास्टर लोकनाथ देवांगन अशोका पब्लिक स्कूल एवं गाइड केप्टिन नंदनी ठाकुर विवेकानंद हाई स्कूल नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कवर्धा से गाइड वाणी झारिया, प्रियंका चंद्रवंशी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव से गाइड नेहा निर्मलकर,सरस्वती शिशु मंदिर पांडातराई से स्काउट तुकेश्वर चंद्रवंशी, जितेंद्र साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिरौनी से गाइड समीक्षा चंद्रवंशी, यामिनी कौशिक, भोरमदेव ओपन रोवर क्रूकवर्धा से रोवर दिलेश वर्मा, सुदर्शन साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलमला से स्काउट वंश चंद्रवंशी, मितेश निर्मलकर, मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम कवर्धा से रेंजर दीपाली साहू, निकिता चौहान, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा से स्काउट सौरभ यादव, आर्यन चंद्रवंशी ने प्रतिभागी के रूप में शिविर शामिल हुए व जिले का प्रतिनिधित्व किया। शिविर का शुभारंभ मध्य परिक्षेत्र के सहायक निर्देशक सिद्धार्थ मोहंती, सहायक राज्य सचिव शिवानी गनवीर व जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी द्वारा किया गया। कैम्प सीन दिल्ली में कुतुबमीनार, अक्षरधाम, इंडिया गेट, लाल किला व राजघाट, वृन्दावन में मां वैष्णो देवी मंदिर, इस्कॉन पेम्पल, श्री बांकेबिहारी मंदिर व प्रेम मंदिर, मथुरा में भगवान श्री कृष्ण जन्मस्थली, गदपुरी में मां बानी देवी मंदिर, आगरा में ताजमहल व आगरा किला का भ्रमण किया गया। साहसिक गतिविधि में आर्चरी, राइफल शूटिंग, रसियान वाल, टॉरनल कॉसिंग, कमांडो ब्रिज, ऑप्टिकाल क्रॉसिंग, टॉयर क्रॉसिंग, रोप जॉम्पिग, बैलेसिंग क्रॉस, तम्बू बनाना इत्यादि सीखा।



# जिले के 57 सहायक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से जिले में सीधी भर्ती से कार्यरत 57 सहायक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति का आदेश जारी हो गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विगत 13 मई को जारी आदेश में जिले में सीधी भर्ती से नियुक्त ई संवर्ग के 52 सहायक शिक्षकों एवं 7 सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला का तीन साल की सेवा अवधि पूर्ण करने के बाद परिवीक्षा अवधि समाप्त किया गया है। ज्ञातव्य हो कि एसोसिएशन की जिला टीम ने विगत दो मई को इस विषय को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा किया था, जिसके बाद यह आदेश जारी किया गया है। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि पदाधिकारियों ने परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संबंधित सहायक शिक्षकों को बधाई दिया है।

